# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
31/08/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**United Paper , Prayagraj (U.P)**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्र खेल दिवस

**सहसों कार्यालय**

फाफामऊ: प्रयागराज। १०१ द्रुत कार्य बल गंगा जमुनी तहजीब के प्रहरी शांतिपुरम में राष्ट्र खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। १०१ द्रुत कार्य बल के प्रांगण में वॉलीबाल मैच का आयोजन सीआरपीएफ खेलो इन्डिया के तहत कराया गया। इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट आर०के० निगम ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की, तथा सभी खिलाड़ियों को सीआरपीएफ खेलो इन्डिया का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस पर जवानों का हौशला अफजाई करते हुए खेल




के प्रति जागरूक रहने तथा खेलो की महत्ता को सभी जवानों को बताया गया। इस मौके पर कमाण्डेंट १०१ द्रुत कार्य बल आर०के० निगम, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, पवन कुमार उप कमाण्डेंट, सहित अधिकारियों तथा आर०ए०एफ० के जवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## Hindustan Paper , Prayagraj (U.P)





मोहर्रम के मद्देनजर चौक में पैदल मार्च करते आरएएफ के जवान (बाएं) व (दाएं) एसपी सिटी दिनेश सिंह ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ गश्त की। • हिन्दुस्तान

## Anant News , Jaipur (R.J)

# रैपिड एक्शन फोर्स में खेलो इंडिया कार्यक्रम का आयोजन

**राजस्थान दर्शन**

**आमेर (मुकेश सैनी)।** राजधानी जयपुर के आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से खेलो इंडिया योजना के तहत मैत्री खेलों का आयोजन किया गया। खेलो इंडिया योजना के तहत 27 अगस्त से रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में बटालियन की कम्पनियों के बीच मैत्री वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया। कोविड-19 महामारी के सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए खेलों का आयोजन किया गया। निर्णायक मैच 29 अगस्त को खेला गया। जिसमें सी कम्पनी विजेता और डी कम्पनी उपविजेता रही। बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने मैत्री खेल में विजेत्ता और उपविजेता टीम के साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने केन्द्र सरकार द्वारा 2018 में चलाई गई खेलो इंडिया योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य खेलों में सामूहिक भागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। जिससे राष्ट्र की खेल संस्कृति एवं खेल उत्कृष्टता को सुदृढ बनाया जा सके। इस योजना के परिणामस्वरूप भारत देश ने पिछले कुछ वर्षों में खेल के क्षेत्र में लगातार प्रगति की है। साथ ही बताया कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में खेल और फिटनेस का अमूल्य महत्व है। खेल खेलने से टीम की भावना बढती है,



रणनीतिक और विश्लेषणात्मक सोच, नेतृत्व कौशल, लक्ष्य निर्धारण और जोखिम लेना विकसित होता है। एक फिट और स्वस्थ व्यक्ति एक समान रूप से स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का अहम घटक होता है।

सुरेश सिंह पायल ने प्रेरित किया कि हमें युवाओं में खेल भागीदारी की एक मजबूत भावना को विकसित करने की आवश्यकता है। जो खिलाड़ियों को उनकी वास्तविक क्षमता का प्रदर्शन करने में सक्षम बनाती है। तभी भारत खेल महाशक्ति बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है।

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के साथ उप कमाण्डेन्ट नीरज मीणा, हरिनारायण मीणा, धन्नाराम यादव, कमल सिंह मीणा और बटालियन के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## Hindustan , Jamshedpur (JKD)

# फ्लैग मार्च : पुलिस की लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील



साकची में फ्लैग मार्च करते जवान।

# मोहर्रम में 2200 जिला पुलिस, 150 जैफ 150 आईआरबी और 80 रैफ की तैनाती

## एसएसपी ने उपद्रव मचाने व लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का दिया आदेश

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

मोहर्रम पर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में क्यूआरटी, आरएपी, जैप व जिला पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। 2200 जिला पुलिस बल के अलावा, 150 जैफ, 150 आईआरबी, 80 रैफ और आरईएफ के जवानों को पूरे जिले में तैनात किया गया है। साथ ही कई जगहों पर वज्र वाहन को भी रखा गया है। शनिवार की शाम मानगो, सोनारी, टेल्को, उलीडीह, आजादनगर, परसुडीह, साकची, बिष्टुपुर समेत कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। कोरोना के कारण लोगों से घरों में ही पुलिस ने पर्व मनाने की अपील की। मुहर्रम के दौरान शांति भंग करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। एसएसपी ने उपद्रव मचाने वालों और लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखेगी।



खड़ंगाझार में पुलिस की टीम तैनात।

**Prabhat Khabar , Bhagalpur (Bihar)**

# मुहर्रमः इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

- कोरोना संक्रमण और प्रशासन की सख्ती के कारण नहीं निकले अखाड़े
- शांति कमेटी मोहल्ला स्तर पर रही सक्रिय, इसका असर शहर में दिखा

**09** वीं व 10वीं मुहर्रम के मौके पर लोगों ने रोजा रखा

**117** अखाड़ों ने जिला प्रशासन के निर्णय पर अमल किया

आस्था

भागलपुर | कार्यालय संवाददाता

प्रशासनिक सजगता-सतर्कता व शांति कमेटी की सक्रियता के बीच रविवार को दसवीं मुहर्रम का पर्व श्रद्धा एवं शांति के बीच मना। इस दौरान कोरोना संक्रमण के कारण लिए गये प्रशासनिक निर्णय पर अमल करते हुए शहर के करीब 117 अखाड़े नहीं निकले।

वहीं लोग मुहर्रम के मौके पर दसवीं रोजा रखा और घर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। कुछ लोगों ने मुहर्रम के मौके पर नौवीं तारीख यानी शनिवार व दसवीं तारीख (रविवार) को रोजा रखा। वहीं कुछ लोग ने दसवीं को रोजा रखने के साथ-साथ सोमवार को 11वीं मुहर्रम को रोजा रखेंगे। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के सह-संयोजक प्रो. एजाज अली रोज ने बताया कि शांति कमेटी मोहल्ला स्तर पर सक्रिय थी और अखाड़ा निकाले जाने की रवायत को इस बार न पूरा करने की अपील विभिन्न अखाड़ा कमेटियों से की। इस का असर रहा कि इस बार शहर में एक भी अखाड़े नहीं निकाले गये।

**शाहजंगी तालाब में किया पहलामः** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर शांति रही। दिन में तातारपुर, मोजाहिदपुर, हुसैनाबाद, नाथनगर, कबीरपुर जैसे मोहल्ले व शाहजंगी मैदान से सटे मोहल्ले में लोगों को चहल-पहल रही। बारी-बारी से पैकर शाहजंगी तालाब पर पहुंच रहे थे और पहलाम करने के बाद अपने गंतव्य को रवाना हो रहे थे।

**शिया समुदाय का नहीं निकलेगा अलम का जुलूसः** गमगीन माहौल में शिया समुदाय ने मुहर्रम मनाया। रविवार की शाम में शाम-ए-गरीबां की एक मजलिस बड़े इमामबाड़ा में हुई जिसको मौलाना नासिर हुसैन साहब ने पढ़ा। शिया वक्फ कमेटी के सचिव सैय्यद जीजाह हुसैन ने बताया कि 11वीं तारीख को बड़े इमामबाड़ा असानंदपुर से निकाला जाने वाला अलम का जुलूस इस बार नहीं निकाला जायेगा।

**एसएसपी ने मांगी जांच रिपोर्ट :** शाहजंगी मेला मैदान में लॉकडाउन का उल्लंघन कर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी। सूचना पर एसएसपी ने सिटी डीएसपी से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। दोषियों को चिह्नित कर एफआईआर होगा।



मुहर्रम को लेकर रविवार को शाहजंगी रोड में दौड़ लगाकर कव्वाली मैदान की ओर जाते पैकर। • हिन्दुस्तान



मुहर्रम को लेकर रविवार को कोतवाली चौक पर तैनात सुरक्षाकर्मी। • हिन्दुस्तान

## पैकर व पुलिस के बीच चलती रही लुकाछिपी

भागलपुर। पैकरों और पुलिस के बीच शनिवार रात से ही लुकाछिपी का खेल चल रहा था। देर रात दो बजे से ही सौ की संख्या में पैकर पंखटोली से कोतवाली चौक इमामबाड़ा आना चाहते थे लेकिन पुलिस उसे रोक रही थी। सुबह चार बजे पैकरों को हटाया गया। रविवार को रैफ के साथ भारी संख्या में पुलिस की तैनाती के बाद भी पैकर सराय की ओर जाना चाह रहे थे। सिटी एसपी एसके. सरोज, एसडीओ आशीष नारायण और सिटी डीएसपी की सख्ती के कारण पैकरों की एक नहीं चली। सात लोगों के खिलाफ केस: 28 अगस्त की रात कोतवाली चौक पर हुए हंगामा व तोड़फोड़ के आरोप में जमादार जयवीर सिंह के बयान पर सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है।

## प्रखंडों में भी सादगी से मना मुहर्रम

कहलगांव/नवगछिया। कहलगांव के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों सादगी से मुहर्रम मनाया गया। इस दौरान ना तो ताजिये निकाले गये और ना ही जुलूस। नारायणपुर प्रखंड में भवानीपुर पुलिस ने मोहरम को लेकर बीडीओ हरिमोहन कुमार, भवानीपुर थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने क्षेत्र भ्रमण किया। खरीक में लॉकडाउन का पालन करते हुए अखाड़ा जुलूस नहीं निकला गया। पीरपैंती प्रखंड में तामझाम से दू रहकर लोगों ने मुहर्रम घरों में रहकर मनाया। बीडीओ रज लाल निगम, सीओ अरुण गुप्ता, पीरपैंती थानाध्यक्ष राकेश कुमार आदि ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अकबरनगर में सादगी व शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम मना

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**